## इस्पात मंत्रालय
## राज्य सभा
## अतारांकित प्रश्न संख्या 735
## 16 अगस्त, 2012 को उत्तर के लिए

### भारतीय इस्पात प्राधिकरण की क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश

735. डा. के.पी. रामालिंगम:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 1.31 लाख करोड़ रूपए का निवेश करने की योजना बना रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के पांच संयंत्रों में से चार संयंत्रों का आधुनिकीकरण किया जाएगा या इनकी क्षमता का विस्तार किया जाएगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

### उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 61,870 करोड़ रूपये के सांकेतिक निवेश/खर्च के साथ वर्तमान चरण में अपनी क्रूड स्टील की उत्पादन क्षमता 12.8 एमटीपीए से बढ़ाकर 21.4 एमटीपीए करने के लिए अपने 5 एकीकृत इस्पात संयंत्रों भिलाई, बोकारो, राउरकेला, दुर्गापुर तथा बर्नपुर एवं सेलम स्थित विशेष स्टील प्लांट पर आधुनिकीकरण एवं विस्तार योजना शुरू की है। वर्तमान उत्पादन क्षमता और पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों के वर्तमान आधुनिकीकरण और विस्तार के फलस्वरूप उसमें संभावित वृद्धि का संयंत्र-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| संयंत्र | संस्थापित क्रूड स्टील की उत्पादन क्षमता (एमटीपीए) | वर्तमान आधुनिकीकरण और विस्तार के बाद बढ़ी हुई क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता (एमटीपीए) |
|---|---|---|
| भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) | 3.93 | 7.00 |
| दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) | 1.80 | 2.20 |
| राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) | 1.90 | 4.20 |
| बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) | 4.36 | 4.61 |
| इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) | 0.50 | 2.50 |

**********